डॉ संजय शर्मा को सामाजिक समरसता के लिए डॉ. मुखर्जी सम्मान

भारतीय बौद्ध संघ के द्वारा सामाजिक सहभागिता से वंचित रहे समुदायों के कल्याण, महिलाओं की भागीदारी और दलित वर्ग के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण कार्य करने वाले शिक्षकों, दलित चिंतकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, लेखकों, कर्मचारियों आदि को डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 121वें जन्मदिवस पर उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए दिल्ली स्थित एन. डी. एम. सी. सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।
इस सम्मान समारोह की अध्यक्षता भारतीय बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते संघप्रिय राहुल ने की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री अर्जुन राम मेघवाल, संसदीय कार्य एवम् संस्कृति राज्य मंत्री, भारत सरकार, विशिष्ट अतिथि दिल्ली की पूर्व सांसद एवम पूर्व महापौर डॉ. अनीता आर्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति एवम् जनजाति आयोग, भारत सरकार के पूर्व अध्यक्ष एवम् सांसद डॉ. विनोद सोनकर शास्त्री सहित कई गणमान्य अतिथि मंच पर उपस्थित थे।
डॉ. संजय शर्मा को भारतीय बौद्ध संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष भंते श्री संघप्रिय राहुल जी द्वारा उनके दलित विषयक चिंतन और उनके सशक्तिकरण के लिए शिक्षा के माध्यम से किए जा रहे मौलिक अकादमिक एवम् शोध कार्यों के लिए वर्ष 2022 के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सम्मान से सम्मानित किया गया।